स्थापना : 1951

☎ 01580 220024
Fax 01580 223548

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना
(प्रदेश का चयनित आदर्श महाविद्यालय)

क्रमांक : बाकाडी/एनडीबीडी/2015–16/ दिनांक : .....................

## : प्रतियोगिता प्रतिवेदन :

# अखिल राजस्थान सेठ नारायण दास बाँगड़ स्मृति अन्तरमहाविद्यालय हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता, 2015–16

नारायणदास बाँगड़ चेरिटेबल ट्रस्ट, कोलकाता के आर्थिक सौजन्य से राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना की प्रतिष्ठित साहित्यिक गतिविधि "सेठ नारायण दास बाँगड़ स्मृति अखिल राजस्थान अन्तरमहाविद्यालय हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता, 2015–16" का सफल आयोजन दिनांक 22 दिसम्बर, 2015 को सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के 20 महाविद्यालयों के 36 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता विषय के पक्ष एवं विपक्ष में अपने तार्किक विचार रखे। प्रतियोगिता का विस्तृत प्रतिवेदन निम्नानुसार है–

1. आयोजन स्थल – महाविद्यालय प्रांगण
2. आयोजन तिथि – 22 दिसम्बर, 2015 पूर्वाह्न 10:15 बजे से
3. प्रतियोगिता का विषय :
   इस सदन की सम्मति में – " आतंकवाद का समाधान युद्ध से संभव नहीं है"
4. मंच को सुशोभित करने वाले महानुभाव

- मुख्य अतिथि : प्रो. ए.के. गहलोत, माननीय कुलपति
  राज. पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर
- कार्यक्रम अध्यक्ष : प्रो. जे.एस. सोखी, पूर्व आयक्त
  कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर, हाल– अजमेर
- विशिष्ट अतिथि : डॉ. आर.एन.चौधरी, सहायक निदेशक
  आयुक्तालय–कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर
- स्वागताध्यक्षा : श्रीमती शशिदेवी जी बाँगड़,
  नारायणदास बाँगड़ चेरीटेबल ट्रस्ट, कोलकाता
- प्रतियोगिता संरक्षक : डॉ. नरेश मिश्रा, प्राचार्य– राजकीय बाँगड़ महा. डीडवाना
- छात्रसंघ अध्यक्ष : श्री शिवराज नोजल छात्रसंघ 2015–16

Scanned with CamScanner

5. प्रतियोगिता निर्णायक मंडल

- प्रो. नवल किशोर भाभड़ा, पूर्व आयुक्त
  कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर हाल– अजमेर
- प्रो. करोड़ी सिंह, पूर्व निदेशक एवं प्रोफेसर
  दक्षिणी एशिया अध्ययन केंद्र हाल– जयपुर
- डॉ. (श्रीमती) बीना शर्मा , वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व विभागाध्यक्ष
  हिंदी विभाग– सावित्री कन्या महाविद्यालय, अजमेर

6. प्रतियोगिता आयोजन एवं समन्वय समिति

| | | |
|---|---|---|
| • संयोजक | : | डॉ. एन.आर. ढाका<br>अध्यक्ष – लोकप्रशासन विभाग |
| • प्रतियोगिता–प्रभारी | : | डॉ. गजादान चारण<br>अध्यक्ष – स्नातकोत्तर हिंदी विभाग |
| • सदस्य | : | प्रो. हबीब खान<br>व्याख्याता – हिंदी विभाग |
| • सदस्य | : | प्रो. चेनाराम गुंदलिया<br>व्याख्याता – राजनीति विज्ञान |
| • सदस्य | : | प्रो. पी.के.मीणा<br>व्याख्याता – रसायन विज्ञान विभाग |
| • सदस्य | : | प्रो. नवीन कुमार दास<br>व्याख्याता – हिंदी विभाग |
| • सदस्य | : | श्री श्रीगोपाल बगड़िया, प्रतिनिधि<br>नारायणदास बाँगड़ चेरीटेबल ट्रस्ट, कोलकाता |

7. प्रतियोगिता सूचना पत्र प्रेषण :
   राजस्थान राज्य में स्थित 250 से अधिक राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालयों को प्रतियोगिता सूचनापत्र प्रेषित किए गये। *"प्रतियोगिता फोल्डर" की नमूनार्थ प्रति संलग्न है।*

8. सहभागी महाविद्यालय :
   प्रतियोगिता में कुल 20 महाविद्यालयों से 36 प्रतियोगियों ने प्रतिनिधित्व किया।

1. राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना
   - कु. सरिता देवी
   - हरीश जांगिड़
2. राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर
   - रामाकिशन
   - हवासिंह
3. टैगोर महाविद्यालय, कुचामनसिटी
   - हरेन्द्र झूरिया
   - कुलदीप रियाड़
4. डीडवाना महिला महाविद्यालय, डीडवाना
   - डिम्पल राठौड़
   - गार्गी सारस्वत
5. बालाजी शिक्षण संस्थान, कुचामन सिटी
   - विश्वेन्द्र सिंह

Scanned with CamScanner

6. भारतीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, लाडनूं
   - दुर्गा गुर्जर
   - सूरजपाल सिंह
7. राजेश पायलट राजकीय महाविद्यालय, बांदीकुई
   - लोकेन्द्र सिंह राजपूत
8. मा.ला.वर्मा राजकीय महाविद्यालय, भीलवाड़ा
   - मणिराजसिंह राठौड़
   - सलीम अख्तर बिसायती
9. बीआर मिर्धा राजकीय महाविद्यालय, नागौर
   - लक्ष्मण विश्नोई
   - स्वराजलक्ष्मी फिड़ोदा
10. गुरु नानक खालसा महाविद्यालय, श्रीगंगानगर
   - संदीप कोर
   - दिनेश पूनिया
11. सेठ आर.एल. सहरिया राजकीय महाविद्यालय, कालाडेरा
   - ईश्वर सिंह
   - ताराचंद कुमावत
12. श्री माधव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, लाडनूं
   - रामचंद्र गोदारा
   - पुखराज खिलेरी
13. हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, जगतपुरा–जयपुर
   - गोमाराम
14. सेंट विल्फर्डस कॉलेज ऑफ लॉ, मानसर–जयपुर
   - राजकुमार
   - सुनिल कुमार
15. राजकीय महाविद्यालय, पाली
   - हिमांशु देवड़ा
   - विजयलक्ष्मी राजपुरोहित
16. राजकीय महाविद्यालय, सुजानगढ़
   - निखिल ढाका
   - मनीषा भार्गव
17. राजकीय महाविद्यालय, अजमेर
   - दुश्यन्त व्यास
   - विजयलक्ष्मी फिड़ोदा
18. पीएनटीसी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुजानगढ़
   - मूलचंद मेघवाल
   - कोमल सोमड़वाल
19. जेवी शाह महिला महाविद्यालय, झुंझुनूं
   - सविता वर्मा
   - उन्नति जानू
20. सेठ आरएन रुइया राजकीय महाविद्यालय, रामगढ़ सेखावाटी
   - दयाचंद

Scanned with CamScanner

9. प्रतियोगिता का परिणाम :

चलविजयोपहार विजेता : बीआर मिर्धा राजकीय महाविद्यालय, नागौर

10. वैयक्तिक पुरस्कार नकद

| | | |
|---|---|---|
| 7500 रू. प्रथम स्थान | : | लक्ष्मण विश्नोई<br>बीआर मिर्धा राजकीय महाविद्यालय, नागौर |
| 5100 रू. द्वितीय स्थान | : | गार्गी सारस्वत<br>डीडवाना महिला महाविद्यालय, डीडवाना |
| 3100 रू. तृतीय स्थान | : | लोकेन्द्र सिंह राजपूत<br>राजकीय महाविद्यालय, बांदीकुई |
| 1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार | : | सविता वर्मा<br>जेबी शाह महिला महाविद्यालय, झुंझुनूं |
| 1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार | : | स्वराजलक्ष्मी फिड़ोदा<br>बीआर मिर्धा राजकीय महाविद्यालय, नागौर |
| 1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार | : | निखिल ढाका<br>राजकीय महाविद्यालय, सुजानगढ़ |

11. सहभागियों को प्लास्टिक फोल्डर, प्रमाणपत्र एवं प्रतीक चिह्न :

सम्पन्न प्रतियोगिता के नाम एवं सेठ नारायणदासजी बाँगड़ की फोटो सहित प्लास्टिक फोल्डर, स्लिपपेड एवं सहभागिता प्रमाणपत्र मुद्रित करवाए गए। (नमूनार्थ एक–एक प्रति संलग्न है) प्रतियोगिता में पधारे समस्त अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों, दल प्रभारियों, नगर के गणमान्य सक्रिय साहित्यप्रेमियों, महाविद्यालयी संकाय सदस्यों, सह–शैक्षणिक कर्मियों तथा मीडियाकर्मियों सहित चुनिंदा स्वयंसेवकों को प्रतियोगिता स्लिप पेड, प्लास्टिक फोल्डर, मोनटेक्स बॉलपेन भेंट किया गया तथा प्रतियोगिता उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान किये गए।

12. मंचासीन अतिथिगण का सम्मान

समारोह में मंचासीन अतिथियों एवं निर्णायकों का माल्यार्पण, शॉल, साफा, प्रतीकचिह्न, मानेदय भेंट कर स्वागत्–अभिनन्दन एवं सम्मान किया गया। सभी अतिथियों को प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद आभारपत्र सहित यादगार स्वरूप कतिपय फोटोस्नेप्स भी भेजे गए हैं।

13. समारोह दृश्यावलोकन

समारोह अत्यन्त शालीनता एवं गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की विडियोग्राफी तथा फोटोग्राफी कराई गई। दृश्यावलोकनार्थ कतिपय फोटो स्नेप्स तथा कार्यक्रम की विडियोग्राफी डी.वी.डी. ( ) संलग्न है।

14. जनसूचनार्थ प्रेस विज्ञप्ति

सम्पन्न प्रतियोगिता के आयोजन की पूर्व जानकारी एवं आयोजन उपरान्त जनसूचनार्थ प्रेस नोट के माध्यम से राज्य एवं स्थानीय समाचार पत्रों में विषयवस्तु समाचार प्रकाशित हुये। अखबारों की कतरनों की फोटो प्रतियां संलग्न है।

16. अतिथिगण एवं प्रतिभागियों की आवास–प्रवास एवं भोजन व्यवस्था–

आमन्त्रित अतिथियों एवं प्रतिभागियों के लिये आवास–प्रवास एवं भोजन की व्यवस्था हेतु स्थानीय खांडल विप्र भवन में व्यवस्था की गई। प्रतियोगिता दिवस पर अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों, संपूर्ण महाविद्यालय स्टाफ सहित नगर के गणमान्य नागरिकों के लिए जलपान एवं भोजन की उत्तम व्यवस्था महाविद्यालय प्रांगण में की गई।

Scanned with CamScanner

17. अतिथिगण का प्रतियोगिता कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में अभिमत–

सम्पन्न प्रतियोगिता के संदर्भ में की गयी व्यवस्थाओं, संचालन, प्रस्तावित विषय एवं समारोह को मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि, निर्णायकगण, दल प्रभारियों, प्रतिभागियों, मीडियाकर्मियों तथा नगर के साहित्यप्रेमी नागरिकों सहित अन्य उपस्थित महानुभावों द्वारा सराहने के साथ उल्लेखनीय बताया गया। नगर के प्रबुद्धजनों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति उत्साहवर्धक रही। बीकानेर, नागौर एवं लाडनूं आदि बाहरी नगरों से पधारे हुए कुछ साहित्यकारों ने भी प्रतियोगिता में पूरे समय उपस्थिति दी तथा इसे एक उत्कृष्ट साहित्यिक आयोजन बताया।

समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं पुण्यात्मा सेठ नारायणदासजी बाँगड़ के पुण्य स्मरण के साथ तथा समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। स्वागताध्यक्षा श्रीमती शशिदेवीजी बाँगड़ ने महाविद्यालय के प्रयासों एवं कार्यक्रम की भव्यता को देखकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह युवा व्यक्तित्व विकास का अहम कार्य है। उन्होंने कहा कि बाँगड़ परिवार समाज सेवा के लिए सदैव तैयार था, है तथा रहेगा, इस पर पूरे पांडाल से तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सभी उपस्थितों ने बाँगड़ परिवार के प्रति कृतज्ञता जताई।

प्राचार्य एवं संरक्षक नरेश मिश्रा ने स्वागतोद्बोधन में कहा कि बाँगड़ परिवार के उदारमना सहयोग से बने इस महाविद्यालय ने देश समाज को अनेक हीरे तराश कर दिए है तथा वह प्रक्रिया अब भी जारी है। प्रतियोगिता संयोजक डॉ. एन.आर.ढाका ने उदारमना दानवीरों को नमन करते हुए प्रतियोगिता की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला तथा बताया कि इस प्रतियोगिता ने अनेक प्रखर वक्ताओं को तैयार किया है, जो समाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं। मंचासीन अतिथियों की आज्ञा से प्राचार्यजी ने प्रतियोगिता शुभारंभ की घोषणा की। प्रतियोगिता नियमों की घोषणा, कार्यक्रम संचालन एवं मंचासीन अतिथियों के परिचय का दायित्व प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. गजादान चारण द्वारा निर्वाहित किया गया। सभी प्रतिभागियों तथा अतिथियों की विचाराभिव्यक्तियों के साथ प्रतियोगिता अपने अपेक्षित स्वरूप में संपन्न हुई। छात्रसंघ अध्यक्ष श्री शिवराज नोजल द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

*संलग्नक –*

1. निमंत्रण पत्र की प्रति
2. सूचना पत्रक स्वरूप "फोल्डर" की प्रति
3. फोटो स्नेप्स ( 21 )
4. कार्यक्रम की विडियोग्राफी वी.सी.डी. ( 06 ) SIX
5. समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों की फोटो प्रतियां
6. प्लास्टिक फोल्डर की नमूना प्रति
7. स्लिपपेड की नमूना प्रति
8. प्रमाणपत्र की नमूना प्रति

(डॉ. गजादान चारण)
प्रतियोगिता प्रभारी

(डॉ. एन.आर. ढाका)
प्रतियोगिता संयोजक

(डॉ.नरेश मिश्रा)
प्राचार्य एवं संरक्षक

Scanned with CamScanner